शानदार प्रदर्शन किया.

# नौ विद्यार्थियों का हो गया प्लेसमेंट

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के एमबीए और बीटेक के नौ विद्यार्थियों का अलग-अलग कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है. डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि बीटेक कंप्यूटर साइंस के निखिल सिंह, ऐशजहां खान, बीटेक ईसी के कुलदीप चौरसिया, अर्पित ओझा, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से ईश कुमार, शशांक कुमार दुबे आदि का प्लेसमेंट हुआ है.

कार्यालय पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। (संवाद)

# पुनर्वास विवि में सीयूईटी से प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

## परास्नातक में शुरू हुई प्रक्रिया प्रवेश समिति ने बैठक में लिया गया निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में परास्नातक के सभी पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं। विवि की ओर से शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा हुई।

**अमर उजाला इंपैक्ट**

पुनर्वास विवि में सीयूईटी के माध्यम से सभी सीटों पर प्रवेश लिए जाने के संबंध में अमर उजाला ने सबसे पहले खबर का प्रकाशन किया था।




अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

परास्नातक की तरह इस बार पुनर्वास विश्वविद्यालय स्नातक की भी सीटों पर प्रवेश लेगा। विवि के प्रवेश समिति के निदेशक प्रो. आरके श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सत्र 2025-26 के लिए परास्नातक में प्रवेश लिए जाएंगे। आवेदन हो रहे हैं।

अभ्यर्थी तीन से पांच फरवरी तक फॉर्म में संशोधन कर सकते हैं। मार्च के पहले सप्ताह में प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा। 13 से 31 मार्च के बीच परीक्षाएं होंगी।

## 26 विषयों की 979 सीटों पर प्रवेश के लिए होंगे आवेदन

- परास्नातक में 26 विषयों की 979 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इच्छुक छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सीयूईटी लिंक के माध्यम से भी सीधे आवेदन कर सकते हैं।

# पुनर्वास विवि के नौ विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें एमबीए और बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्रों निखिल सिंह व यशी त्रिपाठी को इंटेलीपाट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्रालि. बंगलूरू ने बिजनेस डवलपमेंट ट्रेनी और एसोसिएट के पद पर नौ लाख रुपये के सालाना पैकेज पर चयनित किया है।

**दो छात्रों को मिलेगा सालाना नौ लाख रुपये का पैकेज**

एमबीए की रिया सिंह व विराट शुक्ला को एलीट रिक्रूटमेंट्स गुरुग्राम ने रिक्रूटमेंट एग्जीक्यूटिव व रिक्रूटमेंट ट्रेनी के पद पर 3.5 लाख रुपये सालाना पर चयनित किया। प्लेसमेंट निदेशक बिराग दीक्षित ने बताया कि बीटेक ईई व ईसी के चार विद्यार्थियों का चयन नेक्सस इंजीकंसल्ट्स गाजियाबाद में सिस्टम इंटीग्रेशन इंजीनियर के पद पर तीन लाख के वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

इनमें कुलदीप चौरसिया, अर्पित ओझा, शशांक कुमार दुबे व ईश कुमार शामिल हैं। बीटेक सीएस की ऐशजहां खान को इंटेलीपाट ने टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट के पद पर छह लाख के वार्षिक पैकेज पर चयनित किया। (संवाद)

देना होता है। खंभों के हटाने का फिलहाल विभाग के पास कोई योजना नहीं है।

# पुनर्वास विवि में सीयूईटी से परास्नातक में प्रवेश शुरू

## सीयूईटी पोर्टल या विवि के सीयूईटी कॉलम से कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों में सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट) के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परास्नातक के 26 पाठ्यक्रमों में 979 सीटों पर प्रवेश होना है। अभ्यर्थी 1 फरवरी 2025 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सीयूईटी लिंक के माध्यम से या सीधे सीयूईटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश निदेशक प्रोफेसर आरके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया।

**9 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट :** पुनर्वास विश्वविद्यालय के निदेशक प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि एमबीए, बीटेक (सीएस) के 2 विद्यार्थियों का इंटेलीपाट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु में बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी एसोसिएट के पद पर 9 लाख के वार्षिक पैकेज पर चयन किया गया है। एमबीए के 2 विद्यार्थियों का एलीट रिक्रूटमेंट्स गुरुग्राम में रिक्रूटमेंट एग्जीक्यूटिव व रिक्रूटमेंट ट्रेनी के पद पर 3.5 लाख के वार्षिक पैकेज पर और बीटेक के 4 विद्यार्थियों का नेक्सस इंजीकंसल्ट्स पी. लिमिटेड गाजियाबाद में सिस्टम इंटीग्रेशन इंजीनियर के पद पर 3 लाख के वार्षिक पैकेज पर बीटेक के 1 विद्यार्थी का इंटेलीपाट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस बेंगलुरु में टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट के पद पर 6 लाख के वार्षिक पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

## लविवि में प्रायोगिक व परास्नातक परीक्षा की तिथियां घोषित

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी रसायन शास्त्र सेमेस्टर 1, 3 और 5 की प्रायोगिक परीक्षाएं 31 जनवरी को ली जाएंगी। जिन छात्रों को इसमें हिस्सा लेना है वह आवेदन पत्र संबंधित विभाग में 27 जनवरी तक जमा कर दें। विश्वविद्यालय ने एमए और एमएससी एंथ्रेपोलाजी सेमेस्टर तीन का मौखिक परीक्षा 30 जनवरी को आयोजित की गई है। सेमेस्टर एक की 25 जनवरी को होगी।

## शोध छात्र आज भी कर सकते हैं संपर्क

सत्र 2024-25 पीएचडी के लिए चयनित किए छात्र जो 16 और 17 जनवरी को किसी कारण से विभाग में संपर्क नहीं कर पाएं हैं वह शनिवार को भी संपर्क कर सकते हैं।

# नौ विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के एमबीए और बीटेक पाठ्यक्रम के नौ विद्यार्थियों का अलग-अलग कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि बीटेक कंप्यूटर साइंस के निखिल सिंह, ऐशजहां खान, बीटेक ईसी के कुलदीप चौरसिया, अर्पित ओझा, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से ईश कुमार, शशांक कुमार दुबे, एमबीए से यशी त्रिपाठी, रिया सिंह व विराट शुक्ला का प्लेसमेंट हुआ है।